हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 जनवरी 2024

06 प्रत्येक बूथ पर जाएंगे नेता, योजनाओं का लेंगे फीडबैक...




07 शान से लहराएगा 112 फिट ऊंचा तिरंगा झंडा...





### गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का किया आयोजन

# देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देकर भारत पर्व पर कलाकारों ने समां बांधा









हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

जिला प्रशासन, स्वराज संचालनालय एवं संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन मांगलिक भवन, गांधी उपवन छावनी आगर में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह,डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल, एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा,जनप्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, हरिनारायण यादव, मनीष सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया। सभी कलाकारों का जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद कलाकारों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। भरथरी लोक गायक सुंदरलाल मालवीय एवं उनके समूह ने लोक गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना खुशबू पांचाल एवं उनके समूह द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुतिया दी गई। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं दोनों समूहों को पांच हजार एक सो रुपए देने को घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन रूपरेखा एवं विषय वस्तु की जानकारी एमपी एग्रो प्रबंधक ओपी विजयवर्गीय ने दी तथा आभार प्रभारी पीओ डूडा पवन फुल फकीर ने माना।

## जिला स्तरीय गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन





**आगर मालवा।** राज्य शिक्षा केंद्र के तहत जिला स्तरीय गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बालक माध्यमिक विद्यालय छावनी आगर में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा एवं एपीसी एकेडमीक गंगाराम मेवाड़ा ने किया। नोडल अधिकारी देवेश कुमार दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले से 88 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिसमें विभिन्न विधाओं से प्रतिभागियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर मॉडल निर्माण कर प्रदर्शित किए गए। निर्णायक के रूप में दीपक शर्मा, बृजमोहन चौबे, लीला जिंदल, शशि बाला जैन, प्रियंका सक्सेना उपस्थित रहे। सहायक नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा एवं संदीप परिहार द्वारा प्रदर्शनी की व्यवस्थाएं संपादित की गईं।

## नगर परिषद कार्यालय पर अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी ने किया ध्वजारोहण

### स्कूली बच्चों ने दी राष्ट्रभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति





**नलखेड़ा।** नगर में गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हुए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर परिषद कार्यालय पर हुआ। यहां नप अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रभातफेरी नगर परिषद कार्यालय पहुंचने के बाद अध्यक्ष सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। जिसके बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। इस दौरान समस्त पार्षद, सीएमओ एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद कार्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी छात्र छात्राओं को नगर परिषद द्वारा पुरुस्कृत किया गया। बच्चों को अल्पाहार तथा सभी को मिठाई का वितरण भी किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पटवारी जगदीश पाटीदार सम्मानित




**नलखेड़ा।** राजस्व विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर तहसील में पदस्थ पटवारी जगदीश पाटीदार को जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर, विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। नलखेड़ा तहसील के हल्का नंबर 14 लोलकी में पदस्थ एवं हल्का नंबर 07 पढ़ाना के अतिरिक्त प्रभार वाले पटवारी जगदीश पाटीदार को राजस्व कार्य मे उत्कृष्ट प्रदर्शन, सीएम हेल्प लाइन की सभी शिकायतों के निराकरण पर गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय आगर में आयोजित समारोहमें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, आगर विधायक मधु गेहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई यादव ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

**उपसंचालक ने प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी**

## कलेक्टर ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी देखी






**आगर मालवा।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन सामुदायिक भवन गांधी उपवन छावनी आगर में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा हाल ही में संसद द्वारा पारित तीन नए कानून एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा अवलोकन किया गया।

कलेक्टर के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहा गया। उपसंचालक अनुराधा गहरवाल द्वारा प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, एडिशनल एसपी निशा रेड्डी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल, प्रभारी पीओ डूडा पवन फुल फकीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति**

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पर गणतंत्र दिवस पर हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नलखेड़ा में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविंद सिंघवी और गिरिराज पाटीदार मुख्य अतिथि रहे।

इस अवसर पर नलखेड़ा शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष मनोज फफरिया, सचिव गोविंद वेदिया और अन्य पदाधिकारियों मे पवन चतुर्वेदी, किशन नाथ, प्राचार्य शिवराम प्रजापति मंचासिन रहे। मां सरस्वती का पूजन अर्चन पश्चात मंचासिन अतिथियों द्वारा हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन किया। नगर की तीनों इकाई केशवकुंज ,माधवकुंज और मुखर्जी मार्ग भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। शारीरिक प्रकट उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन बृजेश शर्मा और ईश्वर सिंह सिसोदिया ने किया। अतिथि परिचय प्राचार्य शिवराम प्रजापति तथा अतिथि स्वागत सुनील कुंभकार और जगदीश राठौर ने किया।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का हुआ आयोजन

## कलाकारों ने देश भक्ति गीत, मालवी लोक नृत्य और लोक गायन की प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर मल्हार स्मृति मंदिर देवास में भारत पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नलखेड़ा निवासी महेश कुलश्रेष्ठ एवं समूह, ने मालवी मटकी लोक नृत्यों की मनमोहक ओर मालवा प्रशस्ति लोकनृत्य गीतों की प्रस्तुतियां दीं। भारत पर्व की संध्या कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने देश भक्ति गीत, लोक नृत्य, लोक गायन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती स्मिता सहित अन्य जिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में महेश कुलश्रेष्ठ एवं समूह, नलखेड़ा (आगर मालवा) ने मालवी मटकी लोक नृत्यों की बहुत मनमोहक ओर मालवा प्रशस्ति लोकनृत्य गीतों की प्रस्तुतियां दीं। भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं और नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किए गए तीन नये कानून संबंधी जानकारी पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिले के नागरिकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ली।

## जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर विद्यार्थियों को दी विदाई



**कानड़।** नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं के छात्रों ने अपने सीनियर कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभिनी विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय कन्या उ.मा.वि. के प्राचार्य विरेंद्र सिंह ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सेवानिवृत्त शिक्षक कन्हैयालाल बीजापारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में राधा सोनी, पूर्व प्रधानाध्यापक रामचंद्र वर्मा, जनशिक्षक सतीशचंद्र सोनी, राधेश्याम वर्मा, विनोद गोस्वामी, जगदीश आर्य थे। सरस्वती वंदना बीना कसुमरिया, तमन्ना गुर्जर, सलोनी परमार ने प्रस्तुत की। अतिथि परिचय व स्वागत प्राचार्य कृष्णचन्द्र शर्मा ने किया। कक्षा 11 वीं के छात्रों द्वारा मंच की आकर्षक साज सज्जा की गई और बलून व टास्क प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ठाकुर ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने की बात कही और अपनी ओर से छात्रों को अग्रिम बधाई दी। वहीं बीजापरी ने 12वीं के छात्रों को अपनी ओर से पुरस्कार देने की घोषणा की। विशेष अतिथि रामचंद्र वर्मा व सुश्री राधा सोनी ने प्रेरणा गीत गाकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया। विनोद गोस्वामी ने छात्रों को कहानी के माध्यम से परीक्षा के टिप्स दिए। कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा अपनी ओर से संस्था को संचालन बॉक्स प्राचार्य को भेंट किया। कार्यक्रम में आनंदीलाल पंवार, इरमनाज बी, बीना कसुमरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## शासकीय महाविद्यालय ने चलाया कॉलेज चलो अभियान



**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल, कॉलेज चलो अभियान समिति के संयोजक डॉ. सुखदेव बैरागी, समिति के सदस्य डॉ. सर्वेश व्यास एवं डॉ. जितेंद्र चावरे द्वारा शनिवार को नगर के सीएम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में जाकर विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ एवं कक्षा 12वीं1 के विद्यार्थियों से मिलकर महाविद्यालय मे संचालित, विभिन्न पाठ्यक्रमों, महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त विभिन्न सुविधाओं, प्रवेश प्रक्रिया, शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्तियों, अनुलाभो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

### माता रानी के दर्शन कर किया हवन-अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव रविवार को सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में ही विशेष हवन अनुष्ठान भी उनके द्वारा किया गया। उपमुख्यमंत्री साव मंदिर के समीप स्थित स्वामी सांदीपेंद्र महाराज के आश्रम भी पहुंचे, जहां उन्होंने गुरुदेव से चर्चा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।




## खबर संक्षेप

### बैरागी हुए सम्मानित

**देवास।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कार्यपालन यंत्री, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (शहर संभाग देवास) के दधीचि रेवड़िया एवं सिविल लाइन जॉन देवास के सहायक यंत्री विद्याचरण तिवारी द्वारा संभागीय कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने पर रोहित बैरागी को सम्मानित किया गया। उन्होंने बैरागी के कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त कार्यालय स्टाफ द्वारा बधाइयां प्रेषित की। बैरागी को सम्मानित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी सहित ईस्ट मित्रों सहित बधाइयां प्रेषित की।

### गुलाब सिंह सेंधव के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**चापडा।** समीप ग्राम बेडामऊ निवासी बाबूलाल पटेल, इंदर सिंह पटेल ,चंदर सिंह पटेल ,बलवान सिंह पटेल (अध्यापक) के पूज्य पिता गुलाब सिंह पटेल साहब का 110 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है! जिनके निधन पर बहादुर सिंह सेंधव,पुर्व विधायक तेजसिंह सेंधव, बलवान सिंह सेंधव, नागेन्द्र सिंह राजपूत, भगवानसिंह सेंधव, राजेश दुग्गड आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भाजपा का गांव चलो अभियान हुआ शुरू

# प्रत्येक बूथ पर जाएंगे नेता, योजनाओं का लेंगे फीडबैक, ग्रामीणों से करेगे संवाद

गांव में ही रात रुकने के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा भी करेंगे। इसके बाद गांव के लोगों से मिली जानकारी जिला संगठन को देंगे। ताकि आचार संहिता के पूर्व अगर किसी विधानसभा में बड़ी मांग रह गई है तो उसका निराकरण सरकार के माध्यम से करवाया जा सके।


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भाजपा नेता से लेकर प्रमुख कार्यकर्ता रात विश्राम से लेकर 24 घण्टे गांव के बूथो पर बिताएंगे। इस दौरान केन्द्र से लेकर राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों से योजना का फीडबैक भी लेंगे। उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास पर आयोजित बैठक मे जिला अध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल ने व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि गांव में ही रात रुकने के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा भी करेंगे। इससे गांव व कस्बों की जरूरतों को भी बड़े नेता समझने की कोशिश करेंगे। इसके बाद गांव के लोगों से मिली जानकारी जिला संगठन को देंगे। ताकि आचार संहिता के पूर्व अगर किसी विधानसभा में बड़ी मांग रह गई है, तो उसका निराकरण सरकार के माध्यम से करवाया जा सके।10 प्रतिशत वोट भी बढाएंगेविकसित भारत यात्रा के अन्तर्गत हम लोग पंचायत पंचायत तक पहुंचे और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया है। अब गांव चलो अभियान के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस अभियान के जरिये विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हमें हार मिली है, उसको जीतना व जीते हुए बूथों पर 10 फीसदी वोट शेयर बढाना एक मात्र लक्ष्य होगा।जिले मे प्रत्येक बूथ पर अभियान के तहत नेता 9 से 11 फरवरी तक जाएंगे। प्रत्येक संगठन मे इस अभियान को नाम गांव चलो अभियान दिया है। इसको लेकर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्थानीय नेताओं को दी। कार्यशाला मे गांव चलो अभियान के प्रदेश सह प्रभारी दयाराम धाकड, लोकसभा विस्तारक अशोक जाधव, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी सहित जिले के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष व अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने संयुक्त रूप से दी।

# किसानों और कंपनी के बीच मुआवजा को लेकर है विवाद

### एसडीएम के समन्वय से धरना हुआ समाप्त



**चापड़ा।** किसानों ने अपनी समस्या को लेकर एसडीएम से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नर्मदा कालीसिंध सिंचाई परियोजना में कार्यरत मेंगा कंपनी ने प्रभावित हाटपिपल्या क्षेत्र के कांजर पालखा के किसानो को सोयाबीन एवं अन्य फसलों का मुआवजा नही दिया था ,जिसके विरोध में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओ ने धरना देकर कम्पनी के वाहन रोके थे।

बागली एसडीएम आनंद मालवीया ने छुट्टी होने के बाद भी समन्वय बिठाकर कंपनी के अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं पीड़ित किसानों को बुलाकर बैठक करवाई। जिसमें आलू, प्याज, गेहूं ,चना, सोयाबीन, का मुआवजा निर्धारित कर 10 फरवरी तक किसानों को चेक देने का एसडीएम मालवीय ने निर्देश दिए। लहसुन का फरवरी में मॉडल भाव इंदौर मंडी से लेकर किसानों को 15 मार्च तक मुआवजा दे दिया जाएगा। जिन किसानों के खेतों में मुर्रम पड़ी है वह 2 किलोमीटर तक जहां पर डलवाना चाहता है वहां कम्पनी द्वारा डाल दी जाएगी।

बैठक में प्रांत अध्यक्ष प्रसादसूर्या, प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल, युवा किसान वाहिनी के राकेश जाट, तहसील सदस्य रामनारायण यादव, युवराज सिंह किसान उपस्थित थे। सिंचाई योजना हेतु मेघा कंपनी किसानों के खेतों में लाइन डाल रही है, जिसकी करीबन 40 मीटर चौड़ाई है। अभी तक खेत लेवल नहीं किए गए हैं।

### स्वच्छ पर्यटन स्थल अभियानः माता टेकरी मार्ग व रपट मार्ग पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश अनुसार एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए देवास मुख्य पर्यटन स्थान माता टेकरी पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत शनिवार को टेकरी परिक्रमा मार्ग एवं रपट मार्ग के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। आगे भी इस क्रम मैं शहर के प्रमुख गार्डन ,मुख्य चौराहों* पर छात्र छात्राओं ,स्थानीय युवाओं द्वारा निगम स्वच्छता टीम के साथ जुड़कर श्रम दान कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

# शादी विवाह में जाने के लिए वस्त्रों का चयन करते हैं तो मंदिर मठ में जाने के लिए क्यों नहीं करतेः दादा गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नर्मदा मैय्या की परिक्रमा ही साधना है अगर नर्मदा मैया की कोई परिक्रमा करता है तो वो जाग्रत हो जाता है। चलने से भक्तो को मोक्ष प्रगट हो जाता है परिक्रमा ऐसी साधना है जो जीवन को दिशा देती है। ये वो साधना है जो समाज को एक करती है इस साधना ने समाज को एक कर दिया, ये वो साधना है जो जीव को जाग्रत अवस्था में लाती है। मैय्या के पथ पर चलने से प्रभु मिल जाते है एक बार कोई नर्मदा मैया का भ्रमण कर ले उसका जीवन धन्य हो जाता है। उक्त बातें जयंती माता मंदिर में नर्मदा परिक्रमावासियो एवं भक्तो के बीच संत दादा गुरु के द्वारा कही गई। आपको बता दे की दादा गुरु द्वारा कई महीनो से अखंड निराहार महाव्रत साधना कर लगातार नर्मदा की परिक्रमा करते हुए लोगो को मां नर्मदा की भक्ति एवं नर्मदा घाटो की साफ सफाई एवं पेड़ो को बचाने के लिए प्रेरित कर रहे है। दादा गुरु की यात्रा शुक्रवार की देर शाम देवास और खंडवा जिले के मध्य घने जंगलों के बीच स्थित जयंती माता के मंदिर पहुंची। जहा सर्वप्रथम उनके द्वारा जयंती माता मंदिर के दर्शन किए गए और आरती की गई। तत्पश्चात समर्थ सदगुरु दादा गुरु ने भक्तो को आशीर्वचन देते हुए कहा कि सीतावन कोई साधारण वन नही है, यदि कोई सीतावन में भ्रमण कर ले तो दुनिया के सारे संकट मिट जाएंगे। दुनिया के अन्दर जल के कई स्वभाव है। सीतावन में शिव गंगा है, सीता वन लक्कड़ वन पर जरूरतों के नाम पर हम खुद ही सीता वन को मिटा रहे है जब हम शादी विवाह में जाने के लिए नए वस्त्रो का चयन करते है तो मन्दिर मठ में जाने के लिए वस्त्रों का चयन क्यो नही करते है। जयंती माता मंदिर पर मनीष चौबे मुकेश चौबे परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जयंती माता मंदिर पर दादा गुरु के दर्शन के लिए बडी संख्या मे नर्मदा भक्त पहुंचे। इस दौरान शनिवार के दिन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी भी दादा गुरु की पद यात्रा में सम्मिलित हुए, दादा गुरु का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल में दानदाताओं ने दी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शासकीय हाई स्कूल इस्मालखेड़ी में शुक्रवार के दिन गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सरपंच राजेंद्र बिंदा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद झंडा वंदन किया गया। प्राचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों से सहयोग की अपिल करने पर सभी ने सहयोग राशि दी। एन पी सिंह ने झंडा वंदन के दौरान उपस्थित अतिथियों को स्कूल कि गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी।इस दौरान म्यूजिक सिस्टम के लिए जनपद सदस्य रिजवान भंडारी ने 31000 हजार , सरपंच राजेन्द्र बिंदा व्दारा 5000 , राजेन्द्र सिंह सेंधव 2000 हजार,बजेसिह प्रजापत,सोबालसिह सेंधव, धर्मेंद्र सिंह सेंधव,अजहर काजी, सुमेर सिंह सेंधव,दीपक सेंधव, आनंद सेंधव,डा सुनील प्रजापत द्वारा स्कूल के लिए सहयोग राशि दी गई है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य एन पी सिंह द्वारा किया गया एवं आभार दारा सिंह सेंधव द्वारा व्यक्त किया गया।

# चापड़ा के बागली मार्ग पर टूटे बिजली के खंबे टला बड़ा हादसा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

चापड़ा के बागली मार्ग पर शनिवार रविवार की रात्रि दरमियां अज्ञात कारणों से दो बिजली के खंबे टूट गए। इस दौरान बिजली की केबल टूट कर अलग हो गई।

गनीमत यह रही कि यह हादसा रात में हुआ, दिन में होता तो यहां पर बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि जहां पर बिजली के खंबे हैं वहां दुकाने भी संचालित होती है एवं स्कूल भी है।

बिजली की केबल टूटने के कारण पूरी रात एवं खबर लिखे जाने तक बागली मार्केट कि लाइट भी बंद रही। वहीं विद्युत मंडल द्वारा नए बिजली के खंबे गाड़े गए। इसके बाद बिजली चालू की गई । हालांकि खंबे किस कारणों से टूटे हैं या किसी वाहन द्वारा तोड़े गए हैं इसका पता नहीं चल पाया हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



जनपद शिक्षा केंद्र बागली में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु विज्ञान ,गणित व सामाजिक विज्ञान विषयो से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को चयन समिति के सदस्यों के द्वारा चुना गया।जन शिक्षा केंद्र चापड़ा व अन्य जनशिक्षा केंद्रों के बच्चों के द्वारा तैयार मॉडलों का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसीसी कय्यूम खान बनारसी, बीएससी बहादुर सिंह बदुरिया एवं जन शिक्षक व विषय से संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे।

# सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज का वार्षिक मिलन समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज का वार्षिक मिलन समारोह 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सतपुड़ा ऐकडमी में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ रायसिंह सेंधव पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम एवं मांगीलाल सैंधव, रायसिंह सैंधव अमला ताज, महेन्द्र सिंह पटेल, इंदरसिंह, ओंकार सिंह आदि ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज में पिछले 1 वर्ष में चयनित युवाओं का सम्मान किया। जिसमें सर्वप्रथम नितिन सिंह ठाकुर एयर फोर्स में, राहुल सिंह सैंधव रेल्वे में चयनित, शुभम सिंह सेंधव मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित, डा जयसिंह सैंधव रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल अधिकारी बनने पर सम्मानित किया। वार्ड क्र 13 से पार्षद अकिला ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। उपरांत 1992 में कर सेवा में सम्मिलित हुए देवास शहर के सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज के अग्रणी राय सिंह सैंधव, मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक नियम के पूर्व अध्यक्ष जिन्होंने 1992 में कार सेवा में सम्मिलित होकर अयोध्या पहुंचे थे और मार्मिक समय का विवरण विस्तार पूर्वक बताया । 1992 में कैलाश सैंधव जिनके द्वारा भी बजरंग दल के जिला संयोजक होने के नाते कार सेवा में अग्रणी भूमिका में रहे साथी कार्यक्रम में बालक / बालिकाओं ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन अजब सिंह ठाकुर ने किया एवं आभार पंकज सिंह ठाकुर, जिला प्रबंधक, जिला पंचायत देवास ने माना।

### 'गणतंत्र दिवस' की संध्या पर 'भारत पर्व' का हुआ आयोजन

# मल्हार स्मृति मंदिर में गूंजे देश भक्ति के तराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ''भारत पर्व'' का आयोजन किया गया। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम में देश कलाकारों ने देश भक्ति गीत, लोक नृत्य, लोक गायन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कलेक्टमर ऋषव गुप्ताा, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, सहायक परियोजना अधिकारी स्मिता रावल, ओम जोशी सहित अन्य जिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

''भारत पर्व'' कार्यक्रम में बिलास सप्रे (इंदौर) और टीम ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। जिसमे उन्होंने ए मेरे प्यारे वतन, हम सब भारतीय है जैसे देश भक्ति गीत सुनाए। कार्यक्रम में सिन्दू धोलपूरे (भोपाल) और टीम द्वारा आजादी के तराने सुनाए। उन्होंने विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊँचा रहे हमारा। मेरा रंग दे बसंती चोला सहित आजादी के पहले के अन्य देश भक्ति गीत सुनाए। महेश कुलश्रेष्ठ (आगर मालवा) और टीम ने मालवी मटकी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम के दौरान सयाजी द्वार देवास पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं और नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किये गये तीन नये कानून संबंधी जानकारी पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिले के नागरिकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन प्रसून पंड्या ने किया।

# श्रद्धालुओं ने बामनखेड़ी में खेड़ापति हनुमानजी को चढ़ाया 200वां चोला


हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समीप ग्राम बमनीखेड़ी में स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन कई वर्षों से सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है। साथ ही प्रति शनिवार के दिन सामूहिक रूप से यहां पर हनुमान जी को चोला चढ़ाते हैं। शनिवार के दिन भी भंडारे के साथ 200 वा चोला हनुमान जी को चढ़ाया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह ,राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रघवीरसिहं गौड, सरपंच रतनबाई सोलंकी, अंकुर कानूनगो, राम प्रसाद सूर्या ,बहादुर सिंह सेंधव, हुकमचंद यादव,धर्मेंद्र सेंधव ,महेंद्र यादव चंद्रपाल सिसोदिया,कमल जायसवाल, सचिव गोपालकृष्ण पंचोली की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महेंद्र सिंह सेंधव ,रविंद्र सेंधव द्वारा अपने निवास पर सभी अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। सभी ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर यह आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमान जी की आरती की गई जिसके बाद प्रसादी का वितरण हुआ। साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भंडारा में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सभी ग्रामीणों के सहयोग से नवीन हनुमानजी के मंदिर का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठिजन, युवा व सभी ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने किया एवं आभार रघुवीरसिहं दरबार ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### नगर के मार्गों से निकला पथ संचलन



आष्टा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गणतंत्र दिवस पर अपने दिव्य घोष के साथ कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला।

### न्यायालय परिसर में हुआ ध्वजारोहण



आष्टा। तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के अध्यक्ष माननीय प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया श्री चौबे द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर से चलाई गई योजनाओं के विषय में विस्तृत में बताया। उक्त शिविर का संचालन कुलदीप शर्मा एडवोकेट द्वारा किया गया। उक्त शिविर में न्यायाधीश, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अधिवक्तागण, व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बोहरा समाज की मस्जिद में हुआ ध्वजारोहण



आष्टा। बोहरा समाज की मस्जिद में आमिल साहब और विधायक गोपाल सिंह ईंजीनियर की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समाज जनों ने विधायक का स्वागत किया।

### राजश्री कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय पर्व



आष्टा। राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीजमें धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि राकेश परमार व महाविद्यालय संचालक बीएस परमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महाविद्यालय विद्यार्थियों के साथ संस्था प्रमुख बी एस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, रामवती मेवाड़ा सविता बैरागी, राहुल सेन, ओमप्रकाश मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, प्रहलाद मेवाड़ा, पुष्प मेवाड़ा, पूजा मेवाड़ा, पूजा परमार, दीपिका, मनीष अखिलेश भैया लाल, रविंद्र, माया, ज्योति, ममता तिवारी, कविता भूतिया, हिमांशी झवर, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव व रीना यादव उपस्थित रहे।

### गणतंत्रत दिवस पर जगह-जगह हुआ झंडा वंदन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

# शान से लहराएगा 112 फिट ऊंचा तिरंगा झंडा, विधायक नपा अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ ध्वज का लोकार्पण







### महाराणा प्रताप चौराहे पर 24 घंटे लहराएगा 112 फिट ऊंचाई वाला तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम अपने आपको गौरवान्वित मेहसूस कर रहे है कि नगरपालिका के प्रयास से सीहोर जिले में सबसे ऊंचा तिरंगा हमारे नगर में स्थापित हुआ है। हम सौभाग्यशाली है जो यह सुखद एहसास देश की शान तिरंगा ध्वज का आज हमें लोकार्पण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह गौरवशाली क्षण हमेशा अविस्मरणीय बनकर अंचलवासियों के मस्तिष्क पटल पर चस्पा रहेगा।इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने महाराणा प्रताप चैराहा भोपाल नाका पर नगरपालिका द्वारा स्थापित लगभग 112 फिट ऊंचाई का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि गोपालसिंह इंजीनियर थे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, स्वच्छता एम्बेसेडर रूपेश राठौर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना थे।मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि ध्वज हर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे राष्ट्र के गौरव और प्रतिष्ठा को दर्शाता है। आज हम सभी यहां अपने राष्ट्र के गौरव का प्रतीक अपने 'तिरंगे' के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए है। जैसा कि हम सभी जानते है राष्ट्रीय ध्वज हर राष्ट्र का सिम्बल होता है। इसके साथ देश की गरिमा जुड़ी होती है। इसका सम्मान मतलब देश का सम्मान, हर आम आदमी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वो अपने देश का और उसके प्रतीकों का सम्मान करें।नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुव्यवस्थित स्ट्रेक्चर बनाया गया है जिसमें महाराणा प्रताप की आकर्षक आकृति निर्मित है, वहीं नगरपालिका का उल्लेख भी है, जिसमें लाईट लगी हुई है, रात्रि के समय ध्वज स्थल और भी आकर्षण का केन्द्र बन जाता है। स्ट्रेक्चर सहित तिरंगे की ऊंचाई 112 फिट है, वहीं ध्वज की लंबाई 30 फिट तथा चैड़ाई 20 फिट है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि यह क्षण हमारे नगर के लिए महत्वपूर्ण व यादगार क्षण है। संपूर्ण सीहोर जिले में सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा हमारे नगर के महाराणा प्रताप चैराहा पर स्थापित है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज, जिसे हम 'तिरंगे' के नाम से भी जानते है। इसे तिरंगा इसीलिए कहते हैं क्योंकि यह तीन रंगो से मिलकर बना है। ध्वज के लोकार्पण समारोह के दौरान संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ढोल नगाड़े बजाए गए, वहीं सेवा निवृत्त सैनिकों की टीम अपनी गणवेश धारण किए पूरे समारोह में आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, आरिस अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रशीद, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, तेजपाल मुकाती, कृपालसिंह पटाड़ा, योगेन्द्रसिंह ठाकुर, कुशलपाल लाला, सुरेश परमार, वीरेन्द्रसिंह भाटी, राकेश मेवाड़ा, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। उक्त चैराहे पर विशाल ध्वज स्थापित करने में नगरपालिका की सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, पी.के. साहू, विद्युत उपयंत्री आयूषी भावसार, अदित्य तलनीकर, सुभाष सिसौदिया, लखन वर्मा, राकेश, अभिषेक कुशवाह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### उत्साह व उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस



नगर में उत्साह व उमंग के साथ शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं महाविद्यालयों तथा विद्यालयों में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, पार्षदगण डॉ. सलीम, कमलेश जैन, जाहिद गुड्डू, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, लता मुकाती, तेजपाल मुकाती सहित अन्य नागरिकगण, कर्मचारीगण मौजूद थे। ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान का गायन किया गया।चार बत्ती चैक पर मीसाबंदी फूलचंद जी वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, वहीं विजय स्तम्भ बड़ा बाजार पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी श्रीमती शारदादेवी झंवर, मोहम्मद अब्दुल कलाम चैक कसाईपुरा पर शहर काजी जनाब हाफिज शहरयार साहब ऊर्फ चांद मियां द्वारा, नया फिल्टर प्लांट पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी के साथ ही जेडी किड्स विद्यालय में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शास्त्री उमावि में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य प्रेमनारायण शर्मा, सुनील शर्मा की विशेष उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य आयोजन श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर संपन्न हुआ

### शांति सरोवर में हुआ झंडा वंदन




ब्रह्मा कुमारीज आष्टा शांति सरोवर मे गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

### मंदिर में किया माता का श्रृंगार



नगर के गंज चौराहे पर मां राजराजेश्वरी दुर्गा माता का गणतंत्र दिवस पर विशेष श्रृंगार पंडित श्री गणेश व्यास द्वारा राष्ट्रीय ध्वज से किया गया।

### भगवान भोलेनाथ जी का किया विशेष श्रृंगार



नगर के प्राचीनतम पार्वती धाम शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथजी के शिवलिंग का विशेष श्रृंगार नित्य की तरह आज शुक्रवार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भी किया गया। भगवान भोलेनाथ जी एवं विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज लगाकर राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया। पार्वती धाम शंकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने उक्त जानकारी दी।

### वस्त्र व्यापारी संघ ने किया ध्वजारोहण



भारत माता की जय , गणतंत्र दिवस अमर रहे, वंदे मातरम... आदि राष्ट्रीय नारो के साथ ... वस्त्र व्यापारी संघ आष्टा द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय श्री राम मंदिर चौक बुधवारा में संघ के अध्यक्ष धीरज सिंह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।साथ ही राष्ट्रीय गीत का आयोजन भी किया गया । इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारीगण, संरक्षक गण एवं सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे । संघ द्वारा गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व बहुत ही उमंग,उत्साह के साथ मनाया गया 1 संघ के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।तत्पश्चात स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । अंत में संघ अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया 75 वां गणतंत्र दिवस'



देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। विद्यालय के म्यूजिक ग्रुप के छात्र- छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ देश भक्ति गीतों जिसमें सारे जहां से अच्छा,भारत वंदे मातरम आदि देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुतियां दीं। कक्षा 3 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने योगासन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा - 9 के छात्र अथर्व मेहता द्वारा गणतंत्र दिवस पर अंग्रेजी भाषा में भाषण दिया गया।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्शल आर्ट का भी प्रदर्शन किया गया। हिंदी में भाषण कक्षा- 9 के छात्र कार्तिकेय रणकौशल द्वारा दिया गया।वहीं विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संचालक सैय्यद जावेद अली, ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुरसिंह सेंधव, ज्ञान सिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ.संगीता सिंहा उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ,सभी छात्र- छात्राएं तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। स्कूल कोऑर्डिनेटर रामकृष्ण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् द्वारा हुआ। विद्यालय प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस मनाया



आज हमारे राष्ट्रीय पर्व 75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आष्टा केमिस्ट एसोसिएशन आष्टा द्वारा ध्वजारोहण एवं वाहन रैली का आयोजन किया गया एवं सिविल अस्पताल आष्टा में मरीजो को फल वितरित किए गए और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

### ग्रीन फील्ड में मनाया गणतंत्र दिवस



ग्रीन फील्ड हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा में शुक्रवार 26 जनवरी 75 वां गणतंत्र दिवस पर डॉ ओमप्रकाश मालवीय, संस्था डायरेक्टर धर्मेन्द्र गौतम ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के डायरेक्टर प्राचार्य धर्मेन्द्र गौतम ने अपने उदबोधन में गणतन्त्र दिवस पर संविधान के विषय में रोचक तथ्यात्मक तथ्यों के माध्यम से उपस्थित सभी को अवगत कराया।कक्षा 11 वीं से प्रणव कुशवाह ,कुमारी सोनू ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया ।सभी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर संस्था प्राचार्य धर्मेन्द्र गौतम, डॉ ओ पी मालवीय ,नसीम अली , सुरेश कुशवाह आदि ने प्रदान किये।संस्था से पुरुषोत्तम शर्मा ,साजिद मंसूरी, वीरेंद्र उपाध्याय, उज्जवल पाठक,अनिल विश्वकर्मा, सतीश मेवाड़ा, सुरेन्द्र मेवाड़ा, नीलेश परमार, राजकुमार परमार, राकेश , मोहन बागवान, पूजा शर्मा ,दिव्या शर्मा, माही शर्मा, पूजा वर्मा, खुशबू जैन, अन्नपूर्णा , सबाना क़ुरेशी, रानी सोलंकी, , शिवानी , प्रियंका पटवा, दिव्या शर्मा, कुसुम, निशा,वैशाली, अंजलि सेन, आयुषी,सिमरन,पूजा श्रीवास्तव, हेमलता,पूर्ति जैन ओर सभी विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की उपस्थित थे।

## सर्वाधिक अंक वाले छात्रों को उपहार में दिए स्मार्ट फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर पिछले वर्ष जावर नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान ने घोषणा की थी जावर नगर सभी स्कूलो में से 12th में सर्वाधिक अंक अर्जित करने पर उस मेधावी छात्र छात्राओं को स्मार्ट एंड्राइड मोबाइल फोन उपहार स्वरूप भेट करूंगा एवम मेधावी छात्र छात्राओं के माता पिता का भी सम्मान करूंगा। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जावर का छात्र कुलदीप प्रजापति का स्मार्ट एंड्राइड फोन देकर सम्मान किया वा तहसीलदार अविनाश सोनानिया के द्वारा शाल श्रीफल से पिता शिव प्रजापति माता लाडकुवर बाई का भी सम्मान किया गया में यह उपहार प्रतिवर्ष सर्वाधिक अंक अर्जित करने पर भेट करूंगा जिसमे उपस्थित अध्यक्ष मंजू वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान ,मनोज वेद, पार्षद साथी वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र भरेवा ,विजेंद्र मालवीय, जाकिर हुसैन, हुकम विश्वकर्मा ,कैलाश मालवीय ,बहादुर सिंह परिहार ,मदन विश्वकर्मा, मधु ठाकुर ,बंटी राठौर, अफसाना बि, पप्पू मंसूरी ,राजेंद्र केशव ,जय सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, विक्रम सिंह कप्तान उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस मनाया



**खाचरोद**। गणतंत्र दिवस का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ग्राम खाचरोद में शासकीय व अर्ध शासकीय स्कूल के बच्चों द्वारा सामूहिक रैली ग्राम के मुख्य मार्गों से निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम प्राइमरी स्कूल में रखा गया जहां पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वही खाचरोद, खामखेड़ा, रामपुरा, नौगांव, बापचा, आवली खेड़ा, सिंगार चोरी, जिकड़ी मेवाती, जस्सुपुरा, छापर, गुवडिया, किलोद, कन्नौज शिवजी, लसूडिया विजय सिंह, देवन खेड़ी, पगारिया हॉट आदि गांव में सरपंच द्वारा पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया गया वा मिठाई वितरण की गई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह अड़ायच द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें एसडीएम आनंद सिंह राजावत,नायब तहसीलदार मुकेश सांवले, चंचल जैन व निर्वाचन शाखा के प्रेमनारायण श्रीवास्तव, डी सेन, प्रदीप जायसवाल व समस्त विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चाचाखेड़ी मतदान केंद्र क्रमांक 251 चाचाखेड़ी व केऊखेड़ी की बीएलओ आँगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता महेश मेवाड़ा को विधानसभा में सबसे उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा चुनाव मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुलदीप शर्मा परियोजना अधिकारी, प्रेमनारायण श्रीवास्तव, दीपक सेन, गोविंद शर्मा,प्रदीप जायसवाल, राकेश मेवाड़ा सहित पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### ग्रीनफील्ड कॉलेज में नवमतदाताओं को दिखाया सीधा प्रसारण

# नव मतदाताओं को मतदान करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस पर नवमतदाता सम्मेलन के सीधे प्रसारण की व्यवस्था ग्रीनफील्ड कॉलेज आष्टा में 25 जनवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे से की गई थी। जिसमे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का युवा नवमतदाताओ को संबोधित किया गया। जिसमें उन्होने युवा वर्ग को कहा कि आपका एक वोट, भारत को विश्व की सबसे बडी.अर्थव्यवस्था बनायेगा। आपका एक वोट स्थिर सरकार को बडे बहुमत वाली सरकार में ले आयेगा।

आपका एक वोट भारत मे रिफार्म को तेजी से गति देगा। आपका एक वोट देष की डिजीटल क्रांति को उर्जा देगा। उन्होने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी ही होती है। जिसमे जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावो के मध्य आप सभी को एक बडी.जिम्मेदारी साथ-साथ निभानी है। यही जिम्मेदारी दुनिया के सबसे बडे. लोकतंत्र मे भागीदारी करनी है। सभी छात्र-छात्राओ के साथ-साथ समस्त स्टॉफ भी सीधे प्रसारण का सहभागी बने।

### छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**आष्टा**। गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य समारोह स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में माध्यमिक स्तर पर प्रथम मार्डन द्वितीय जेडी, तृतीय पुष्प हायर सेकेंडरी, प्रथम माडल शासकीय द्वितीय सीएम राइज उत्कृष्ट, तृतीय कन्या शासकीय स्कूल रहा। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### रिलायंस क्लब ने बच्चों को प्रदान किए स्वेटर

**माखननगर।** लायंस क्लब माखन नगर बाबई द्वारा 26 जनवरी को भारत उदय गुरुकुल स्कूल गुजरवाड़ा मे गरीब परिवार के बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए एवं सांस्कृतिक कार्क्रम मे बच्चों को उपहार एवं 1100 रुपये भेंट किए। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष लायन राजेन्द्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष लायन संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष लायन आनंद सिंह राठौड़,स्कूल संचालक नीतिराज यादव ओर स्कूल का समस्त स्टाफ एवं ग्राम के नागरिक गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सुभारम्भ अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सरस्वती एवं भारत माता का माल्यार्पण कर पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

### पचमढ़ी में अनुभूति कैंप का आयोजन हुआ

**पचमढ़ी।** सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की रेंज पूर्व पचमढ़ी के अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन पनारपानी गार्डन में किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटकुली,शासकीय हाईस्कूल सिंगानामा, शासकीय आश्रम विद्यालय मटकुली इत्यादि के विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सहभागिता किये। अनुभूति 2023-24 के लिए थीम मैं भी बाघ है। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल,वन एवं वन्य प्राणियों के महत्त्व,वन्य प्राणियों के बारे में,पारिस्थितिक तंत्र के बारे में, लाइकेन, मॉस, फर्न, आवृत्तबीजी पौधों, द्विबीजपत्रीय पौधों, एकबीज पत्रीय पौधों, औषधिय पौधों, चेक डैम,स्टॉप डैम,बोरीबंधान, फायर लाइन, वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य,रॉक पेंटिंग, मिशन लाइफ, संवाहनीय जीवन शैली, वन विभाग के पदीय पदानुक्रम, चुनौतियाँ इत्यादि के बारे में बताया गया। क्विज प्रतियोगिता, ज्ञानवर्धक खेल, मैं हूँ बाघ गायन, अनुभूति शपथ इत्यादि भी कराये गए जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दर्शाई। उक्त कार्यक्रम में सुनील पंद्रे परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम पचमढ़ी वनरक्षक, राकेश पटेल वनरक्षक, रश्मि वान वनपालप अनुभूति प्रेरक रहे। उक्त कार्यक्रम में विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, कमल धूत अध्यक्ष साडा पचमढ़ी, नवनीत नागपाल, प्रदीप बरकडे सरपंच सिंगानामा, पवन धुर्वे सरपंच पिसुआ, हुज़ेफा बोहरा पार्षद पचमढ़ी, मोंटी सिहोते पार्षद पचमढ़ी, यूएस यादव टीआई पचमढ़ी इत्यादि उपस्थित रहे।

### पंजाबी सनातन समाज ने किया हनुमान चालीसा पाठ

**इटारसी।** पंजाबी सनातन समाज इटारसी एवं पंजाबी महिला मंडल ने 22 तारीख को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया। श्री श्याम संकीर्तन मंडल ने संगीतमय हनुमान चालीसा का 11 बार किया। इस मौके पर समाज के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने धर्म का लाभ उठाया। आयोजन समिति के भारत भूषण मिंटूगांधी, मनोज बतरा, कर्मवीर गांधी, सतीश बतरा, प्रकाश बत्रा, मनोज पोपली एवं पंजाबी समाज महिला मंडल की भारती पोपली, किरण साहनी, लता बतरा, नीलम गांधी, मिंटू नीलम गांधी सहित समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों को अभयारण्य में भ्रमण करवाकर प्रकृति की कराई अनूभूति

# जीवन का आधार हैं वन, इनकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारीः विकास महोरे



अनुभूति कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी वन और वन्य जीवों की जानकारी।




हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

इन दिनों वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा तथा इनके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा अनूभूति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्कूल के बच्चों को जंगल की सैर कराई जा रही है। इसी दौरान वन एवं वन्यप्राणीयों से संबंधित प्रतियोगिता भी कराई जा रही है ताकि लोग इनका महत्व समझ सके और इनके प्रति आमजन का ज्ञान बढ़ाया जा सकें। प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाता है। पिछले दिनों खिवनी अभयारण्य की हरसपुर रेंज के बडकोला सुरक्षा कैंप में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को जंगल में भ्रमण करवाकर उन्हें प्रकृति एवम पर्यावरण में पेड़ , पौधे और वन्य जीवों का महत्व समझाया।


एम. पी. इको टूरिज्म विकास बोर्ड एवम जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रायोजित इको अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान खिवनी अभ्यारण्य अधीक्षक विकास महोरे ने बताया कि वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है । इसके लिए हम सबको इनके प्रति जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी भीम सिंह सिसौदिया, उपवनक्षेत्रपाल उदयभान सिंह गोतम, जगदीश चौहान, रामोतार परते, पूरण सिंह राजपूत, सूरत सिंह राठौर, वन रक्षक शशिकांत जाटव, सुरेंद्र डाबी, चंद्र शेखर राठौर, कृष्णकांत वर्मा, दीवान सिंह जादौन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई - कार्यक्रम में उपस्थित छात्र- छात्राओं को वन एवं वन्यप्राणियो के महत्व को समझाते हुए उनके संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही छात्र छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी दी। अभयारण्य अधीक्षक श्रीमहोरे, रेंजर भीम सिंह सिसौदिया एवं अन्य स्टाफ द्वारा बच्चो को ₹में भी बाघ₹ थीम पर इस वर्ष आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में बाघ तथा उसकी उपस्थिति से पारिस्थितिकी पर होने वाले प्रभावो अंब्रेला स्पेसीज, पायनियर स्पेशीज, वैज्ञानिक नामों के साथ ही जंगल की अन्य रोचक जानकारी और मजेदार किस्सों के बारे में बताया ।इस दौरान छापर और बड़कोला के सरपंच, उपसरपंच, वन समिति के अध्यक्ष के साथ आम ग्रामीणों ने भी सक्रिय हिस्सेदारी दिखाई तथा पर्यावरण और वन संरक्षण की शपथ ली। इसके अलावा₹जंगल की पुकार₹ एवम ₹हमारी वन संपदा₹ खेलो के माध्यम से विभिन्न औषधीय पेड़_पोधो के बारे में ज्ञान वर्धक जानकारी दी।

# देशभक्ति के तराने और जयकारों से गूंज उठा वातावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

शुक्रवार को 75 वां गणतंत्र दिवस क्षेत्र में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान निजी और सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया गया , वहीं कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कई प्रस्तुतियां दी । इससे पहले स्कूल के छात्र - छात्राओं ने नगर सहित गांवों मे देशभक्ति तरानें एवं भारत माता के जयकारे लगाते हुए प्रभातफेरी निकाली । इससे संपूर्ण वातावरण देशभक्तिमय दिखाई दिया। नगर में गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मुख्य समारोह एक्सीलेंस स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न चयनित स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। यहां जपं अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष बलवान सिंह पटेल ने तिरंगा झंडा फहराया । इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल , प्रदेश उपाध्यक्ष अभय कुमार मेहता आदि मौजूद थे। नपं कार्यालय में अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। मंडी कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी जमील खान तहसील कार्यालय में एसडीएम जमील ख़ान, ग्राम पंचायत फागियां में सरपंच पुष्पा



सुनील जयसवाल ने ध्वजारोहण किया। स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम- शैक्षणिक संस्थानों में भी ध्वजारोहण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण , नृत्य , नाटक सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। लसूड़िया कांगर स्थित नवदीप बाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कई प्रस्तुति दी जिन्हे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसी प्रकार मिडिल स्कूल नादान , ब्रिजिशनगर, दीवड़िया , दौलतपुर स्कूलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में थाना श्यामपुर के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण मालवीय व उपनिरीक्षक अवनीष मौर्य को पलिस परेड ग्राउंड सीहोर में प्रभारी मंत्री करन सिंह वर्मा राजस्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रशंसा पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया है।इसी प्रकार थाना श्यामपुर के उपनिरीक्षक रामबाबू राठौर, उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, सउनि बी.एल वर्मा, प्र.आरक्षक 474 प्रेमसिंह यादव, प्र. आरक्षक 198 अमित चौहान, आरक्षक 463 अमित नागर, आरक्षक 753 पवन राजपूत, आरक्षक 284 राजेश राजपूत, आरक्षक 771 महेश मीणा, आरक्षक 659 अरविंद वर्मा को पुलिस अधीक्षक महोदय सीहोर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसा पत्र व 250 रूपये प्रत्येक को नगद इनाम से सम्मानित किया गया है।



# तहसील कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

26 जनवरी 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय श्यामपुर में तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अहमदपुर धनजी मालवीय, पटवारीगण अनिल घरड़े, नितिन पाटीदार, विजयन्त साहनी, मुकेश वर्मा, हेमसिंग मेवाड़ा, जीवन पनसोरिया, सुधीर शर्मा, मेघा सिलावट, शिवानी गोयल, योगेश अजमेरा, दुर्गेश रजक, राजकिशोर शर्मा, प्रवाचक रामचंद्र सेन, अजय त्यागी, नाज़िर मदनलाल यादव, ई-गेवर्नेंस प्रबंधक नितिन गुप्ता, जमादार हरीश मालवीय एवं समस्त तहसील स्टाफ़ उपस्थित रहा।




# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शा. उ. मा. वि. निम्नागांव मे गणतंत्र दिवस मनाया गया। संस्था के बच्चो के द्वारा मनमोहक प्रस्तुती जैसे मोबाईल का दुरुपयोग, सर्वधर्म, इसरों, गरबा, देशभक्ति गानो पर नृत्य भाषण, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान की ओतप्रोत प्रस्तुती दी गई। ग्राम. पंचायत. भवन एवं विद्यालय मे ध्वजारोहण ग्राम. पंचायत. सरपंच शिवनारायण बांकरिया ने किया। सस्था प्राचार्य श्रीराम पैठारी, विजयसिंह पटेल बोदर पटेल (उपसरपंच), दीपक बसवाना, दीपक बाकरिया (पंचायत सहसचिव) मोहन लाल सेन हबीबखान, अमित मीणा जिला महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं संस्था के समस्त शिक्षक। शिक्षिकाएं और छात्र। छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के विशेष सहयोगी ममता जैमनी श्रीमही नेहा सानी अनिल बांकरिया, रूपसिंह मालवीय उपस्थित रहे।



# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में हुआ झंडा वंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पान विहार मुख्यालय श्यामपुर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर समिति प्रबंधक दीपक सिंह द्वारा झंडा वंदन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक संतोष पाटीदार, जलील खान, महेश जाट, संजय, करन, गोलू, रामस्वरूप पाटीदार, संतोष परिहार सहित समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के भवन शिव प्रिया का हुआ उद्घाटन

# सभी को प्रभु प्रसाद और ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा नगर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र के नवनिर्मित भवन शिव प्रिया का उद्घाटन बहुत ही धामधूम से किया गया. उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि भोपाल जोन की मुख्य संचालिका तथा प्रशासन विंग की राष्ट्रीय समन्वयक राजयोगिनी अवधेश दीदी विशेष रूप से पधारी थी। उनके साथ विशिष्ट अतिथि सीहोर जिला सेवाकेंद्र प्रभारी पंचशीला दीदी, नर्मदापुरम सेवाकेंद्र प्रभारी तुलसा दीदी, सुनीता दीदी, आष्टा सेवाकेंद्र प्रभारी कुसुम दीदी, हरदा से किरण दीदी, बरेली से जयंती दीदी, सुहागपुर से अनिता दीदी, इछावर से अंतिम दीदी, सीहोर से ज्योति दीदी, रातीबड़ से पूर्वा दीदी उपस्थित रहे। नवनिर्मित भवन पर पहुंचने पर अवधेश दीदी का भावपूर्ण स्वागत किया गया। सोसायटी में पैदल यात्रा के दरमियान दोनों तरफ माताओं कन्याओं द्वारा हो रही पुष्प-वर्षा के साथ दीदी को भवन में लाया गया। अन्य मेहमानों के साथ शिव-ध्वज लहराकर दीदी ने भवन में प्रवेश किया. नारियल तोड़कर तथा रिबन काटकर गृह-प्रवेश करने के बाद बाबा के भंडारे का उद्घाटन करके वहाँ दीप प्रज्वलित किया। बाद में सब समारोह के स्थान पर पहुंचे. सभी श्रद्धालु भाई बहनो ने खड़े होकर दीदी का स्वागत किया। बीजेपी के वरिष्ठ नेतागण सुनील माहेश्वरी , कपिल खंडेलवाल एवं अन्य मेहमानों की उपस्थिति के बीच समारोह में दीप प्रज्वलित किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ तथा भैरूंदा सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. माला, उर्मिला, पिंकी , नेहा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। इसके बाद अवधेश दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु प्रिय भवन को बनाने में जिन भाई बहनों ने निश्वार्थ भाव से अपना तन, मन, धन लगाया है वे निश्चित ही भाग्यशाली हैं। कहा जाता है जो भगवान की सेवा में अपना तन, मन, धन लगाते हैं, वे प्रभु की भक्ति पाते हैं। जिन्होंने इस प्रभु प्रिय भवन में अपना तन मन धन लगाया है, वे प्रभु के प्रिय तो बने ही है साथ ही उन्होंने अपना सुंदर भविष्य निश्चित कर लिया है।इस सुंदर कार्यक्रम के अंत में अवधेश बहनजी एवं अतिथि बहनो ने सेवाकेन्द्र को बधाईया वा मंगल कामनाएं दी, बाद में सभी को प्रभु प्रसाद और ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया गया।



# गोरखपुर संकुल केंद्र वासुदेव में मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा शा.मा. शा गोरखपुर संकुल केन्द्र वासुदेव में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम झंडा वंदन किया गया एवं ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य , शिक्षकों, एवं ग्रामवासियों के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं सभी महापुरुषों के चरणों में पुष्प अर्पित किए गए। छात्र छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी एवं छात्राओं के द्वाराएक नाटक का मंचन किया गया जिसमे संदेश दिया कि एक रोटी कम खाओ परन्तु अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलाएं एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों , नशाखोरी को बंद करें एवं शिक्षकों के द्वारा मौलिक अधिकारों मौलिक कर्तव्यों को गीतों के माध्यम से बताया गया कार्यक्रम में उपस्थित सुखमणी किशोर उईके सरपंच,नसीम खां उपसरपंच, उमाबाई राजेश इवने जनपद सदस्य, शाला परिवार से रामोतार मालवीय, जेपी पेठारी, मोजदार खान, मो. अफजल खान, ईश्वर पेठारी, व्रिजेश राठौर, शाहरुख खान, राजेंद्र पवार, कमलेश यादव, सायना मुस्ताक़ खान आ.वाडी साहिका एवं ग्राम से मो. शफी खां, सलीम खान, हरिओम मीणा, मुनव्वर खान, गबुलाल हरियाले,जाफर खान, इरसाद खान,तालीब खान, किशोर चोकीदार, जमना प्रसाद राठौर, अंसार खान एवं स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं एवं समस्त ग्रामवासी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।